**इडा/हेनरी अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न**

1. मैं हेनरी/इडा अनुदान कार्यक्रम के लिए कहां/कब आवेदन कर सकता हूं?
   - आवेदन शुक्रवार 17 सितंबर, 2021 को सुबह 9 बजे (पूर्वी) खुलेगा। आवेदन https://programs.njeda.com पर स्थित है।

2. क्या भाषा सहायता उपलब्ध होगी?
   - New Jersey आर्थिक विकास प्राधिकरण (New Jersey Economic Development Authority, NJEDA) अंग्रेजी और स्पेनिश में ऑनलाइन आवेदन उपलब्ध करा रहा है।
     - NJEDA आवेदकों को दस अतिरिक्त भाषाएं बोलनेवालों की सहायता करने के लिए अनुवाद सेवाओं तक पहुंच प्रदान करेगा - अरबी, चीनी (मंदारिन और कैंटोनीज़), गुजराती, हिंदी, इतालवी, कोरियाई, पोलिश, पुर्तगाली और तागालोग। आवेदन भाषा के अनुवादित संस्करणों को खोलने से पहले उपलब्ध कराया जाएगा।
     - आवेदक एक प्रतिनिधि से एक व्यावसायिक दिन के भीतर कॉल प्राप्त करने के लिए languagehelp@njeda.com से संपर्क कर सकते हैं, जो उनसे उनकी प्राथमिक भाषा में संवाद कर सकता है।

3. निम्नलिखित प्रश्न इडा/हेनरी व्यापार सहायता अनुदान कार्यक्रम (Ida/Henri Business Assistance Grant Program) के लिए आपकी प्रारंभिक योग्यता निर्धारित करेंगे। कृपया उनकी विस्तार से समीक्षा करें। इन प्रश्नों की समीक्षा करने के बाद, कृपया प्रमाणित करें कि आप सभी प्रारम्भिक पात्रता प्रश्नों का उत्तर "हां" में दे सकते हैं।
   यदि आप निम्नलिखित का उत्तर "हां" में नहीं दे सकते हैं तो कृपया आवेदन आगे न बढ़ाएं क्योंकि उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

   **पात्रता प्रश्न:**
   - क्या आपके व्यवसाय का New Jersey राज्य के भीतर एक भौतिक व्यापारिक व्यवसाय स्थान है?
   - क्या आपके व्यवसाय के भौतिक व्यापारिक व्यवसाय स्थान को इडा/हेनरी के परिणामस्वरूप भौतिक क्षति पहुंची है (भौतिक क्षति में बाढ़, संरचनात्मक क्षति, छत की क्षति आदि शामिल हैं) भौतिक क्षति में अकेले बिजली की हानि शामिल नहीं है)?
   - क्या आप अपने आवेदन के समय भौतिक क्षति का प्रमाण (फोटो, मरम्मत चालान आदि) प्रदान कर सकते हैं?
   - क्या आपका व्यवसाय 1 अगस्त, 2021 को चालू था?
   - क्या आपने नुकसान पहुंचे हुए भौतिक व्यापारिक व्यवसाय स्थान के लिए अगस्त 2021 का $1,000 से अधिक किराया या गिरवी भुगतान किया था?
   - क्या आप अपने आवेदन के समय किराया/गिरवी भुगतान का सबूत (भुगतान की नकल) प्रदान करना कर सकते हैं?
   - क्या व्यापारिक व्यवसाय स्थान को पहुंची हुई भौतिक क्षति और व्यवसाय में रुकावट (घंटों का नुकसान, बिक्री का नुकसान आदि) $1,000 से अधिक थी?
   - आप एक व्यापारिक व्यवसाय संचालन हैं और मकान मालिक या घर-आधारित व्यवसाय नहीं हैं?
   - मैंने उपरोक्त प्रश्नों की समीक्षा की है और प्रमाणित करता हूं कि मेरा व्यवसाय पात्र है क्योंकि मैं उपरोक्त **सभी** प्रश्नों का उत्तर "हां" में दे सकता हूं। यदि आवेदन/समीक्षा प्रक्रिया के दौरान, यह निर्धारित किया जाता है कि उपरोक्त में से किसी भी प्रश्न का उत्तर "नहीं" है तो आपका आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। इस पावती का उत्तर देकर, आप इस बयान को समझते हैं और आगे बढ़ना चाहेंगे।

4. मेरे व्यवसाय के लिए अनुदान का आकार कैसे निर्धारित किया जाता है?
   - न्यूनतम अनुदान राशि $1,000 है और अधिकतम अनुदान राशि $5,000 है, जो आवेदक की अपूर्ण आवश्यकता या किराए/गिरवी भुगतान में से जो कम है उस पर सीमित है।

5. इस कार्यक्रम के लिए इडा/हेनरी के कारण होने वाली भौतिक क्षति को कैसे परिभाषित किया गया है?
    - संरचना (फर्श, दीवारों, खिड़कियों) को क्षति जब इस तरह की क्षति तेज हवाओं, मलबे और/या बाढ़ के कारण हुई भौतिक क्षति का प्रत्यक्ष परिणाम है
    - यंत्रों, उपकरणों, जुड़नार और इन्वेंट्री को नुकसान - जब ऐसी क्षति तेज़ हवाओं, मलबे और/या बाढ़ के कारण भौतिक क्षति का प्रत्यक्ष परिणाम हो

6. कार्यक्रम के लिए कौन से दस्तावेज की आवश्यकता होगी?
    - नुकसान का प्रमाण:
        - क्षति की स्पष्ट तस्वीरें, जब भी संभव हो पहले और बाद में दोनों, जब संभव हो तस्वीरों में भवन/संरचना पहचानकर्ता भी शामिल होने चाहिए। नुकसान के प्रमाण के लिए ठेकेदार के अनुमान और/या चालान का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।
    - आवश्यकता का प्रमाण:
        - मरम्मत का अनुमान, प्राप्तियां
    - किराए/गिरवी भुगतान का प्रमाण:
        - रद्द चेक की नकल, इलेक्ट्रॉनिक धन हस्तांतरण की रसीद की नकल।
            - भुगतान के प्रमाण के साथ पट्टा/गिरवी करारनामा होना चाहिए

7. कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त पात्रता आवश्यकताएँ।

इडा/हेनरी अनुदान कार्यक्रम के लिए पात्र होने के लिए, आवेदन करने वाली इकाई को यह करना होगा:

- 1 अगस्त, 2021 को अस्तित्व में थे और चालू थे।
- आवेदकों के पास कम से कम $1,000 का अगस्त किराया/गिरवी भुगतान होना चाहिए और एक अपूर्ण आवश्यकता (क्षति या राजस्व हानि) होनी चाहिए जो $1,000 से अधिक हो।
- 22-23 अगस्त, 2021 को तूफान हेनरी के अवशेषों और/या 1-3 सितंबर, 2021 को तूफान इडा के परिणामस्वरूप उनके व्यावसायिक स्थान को भौतिक क्षति हुई है।
- आवेदन के समय New Jersey राज्य में व्यापार करने के लिए पंजीकृत हों, जैसा कि एक वैध व्यवसाय पंजीकरण प्रमाणपत्र (Business Registration Certificate, BRC) द्वारा प्रमाणित है, यदि आवश्यक हो। यदि छोटे और मध्यम आकार के उद्यम (Small & Medium Enterprises, SME) कर विभाग (Division of Taxation) द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है तो SME को 1 अगस्त, 2021 से पहले राज्य के साथ पंजीकरण का प्रमाण और एक वैध व्यवसाय पंजीकरण प्रमाणपत्र (BRC) प्रदान करना चाहिए। SME के पास उस आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्राधिकरण से प्रारंभिक अधिसूचना के मिलने के दिन से 7 कैलेंडर दिन होंगे। कर विभाग से वर्तमान पंजीकरण स्थिति या वैध BRC के बिना कोई अनुदान करारनामा कार्यान्वित नहीं किया जाएगा। संस्थाएं यहां अपना पंजीकरण सत्यापित कर सकती हैं: https://www1.state.nj.us/TYTR_BRC/jsp/BRCLoginJsp.jsp
- आवेदन के समय, New Jersey श्रम और कार्यबल विकास विभाग (New Jersey Department of Labor and Workforce Development, LWD), New Jersey मानव सेवा विभाग (New Jersey Department of Human Services, DHS) (यदि आवेदक DHS द्वारा विनियमित है), बच्चे और परिवार विभाग (Department of Children and Families, DCF) (यदि आवेदक DCF द्वारा विनियमित है), और New Jersey मादक पेय नियंत्रण विभाग (New Jersey Division of Alcoholic Beverage Control, ABC) (यदि आवेदक ABC द्वारा विनियमित है) के साथ अच्छी स्थिति में रहना होगा जैसा कि LWD, DHS, DCF और ABC के विवेकाधिकार में निर्धारित किया गया है।
- व्यवसायों के सबसे हालिया WR-30 फाइलिंग में 50 से अधिक पूर्णकालिक समकक्ष कर्मचारी (Full-Time Equivalent Employees, FTE) न हों। NJEDA की FTE की परिभाषा का विवरण निम्नलिखित प्रश्न में दिया गया है।

- New Jersey राज्य में एक भौतिक स्थान है (उदाहरण के लिए, एक कार्यालय, बिक्री का एक भौतिक बिंदु, एक गोदाम, निर्माण सुविधा, आदि)। घर-आधारित व्यवसाय इस कार्यक्रम के लिए पात्र नहीं हैं। जगह के मालिक भी इस कार्यक्रम के लिए पात्र नहीं हैं।
- New Jersey राज्य या संघीय सरकार द्वारा सक्रिय रूप से बहिष्कृत या प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए

8. पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) कर्मचारी क्या है?
    - एक FTE कर्मचारी को राज्य के पूर्णकालिक कर्मचारी संबंधी मार्गदर्शन के साथ भ्रमित नहीं करना चाहिए और वह उससे अलग है। एक कर्मचारी FTE के रूप में अर्हता प्राप्त करता है या नहीं, यह काम किए गए हफ्तों की संख्या और अर्जित वेतन पर निर्भर करता है। NJEDA का ऑनलाइन अनुदान अनुमानक आपके व्यवसाय में FTE की संख्या निर्धारित करने में आपकी मदद कर सकता है। इस अनुदान कार्यक्रम के प्रयोजनों के लिए, NJEDA इकाई के सबसे हालिया दूसरी तिमाही 2021 (Q2 2021) WR-30 फाइलिंग के आधार पर FTE कर्मचारियों की संख्या निर्धारित कर रहा है। अपने FTE कर्मचारियों को निर्धारित करने के लिए कृपया https://forms.business.nj.gov/grant-4/size/ पर जाएं, ध्यान दें कि इसका उपयोग सख्ती से FTE निर्धारित करने के लिए किया जाना चाहिए **न की** अनुदान का आकार निर्धारित करने के लिए।
    - FTE कर्मचारियों में 1099 स्वतंत्र ठेकेदार शामिल नहीं हैं

9. मेरे व्यवसाय को WR-30 दाखिल करने की आवश्यकता नहीं है (एकल स्वामित्व, साझेदारी, एकल-सदस्य LLC, 1099 ठेकेदार आदि)। क्या मेरा व्यवसाय पात्र है?
    - यदि इकाई 1 अगस्त, 2021 को व्यवसाय और परिचालन में थी, वही इकाई राज्य में व्यवसाय करने के लिए पूरी तरह से और उचित रूप से पंजीकृत है, और वह अन्य सभी पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करती है, तो वह पात्र होगी।

10. एक वेतन भुगतान कंपनी या पेशेवर नियोक्ता संस्था (Professional Employer Organization, PEO) मेरे व्यवसाय के WR-30 को दाखिल करती है; क्या मेरा व्यवसाय पात्र है?
    - हां - NJEDA समझता है कि व्यवसाय अपनी ओर से WR-30 दाखिल करने के लिए PEO या इसी तरह के वेतन भुगतान प्रदाताओं का उपयोग करते हैं। इन स्थितियों में, वेतन भुगतान कंपनियों या PEO को NJEDA को WR-30 के प्रारूप के समान कर्मचारी आईडी या नाम, काम किए गए सप्ताह और वेतन का दस्तावेज़ प्रदान करना होगा, जिसे वे आपके व्यवसाय की ओर से दाखिल करते हैं।
    - सत्यापन प्रक्रिया के दौरान आपका व्यवसाय यह दस्तावेज प्रदान कर सकता है।

11. क्या धार्मिक संस्थाएं (चर्च, मंदिर, उपासनागृह आदि) आवेदन करने के लिए पात्र हैं?
    - हां, हालांकि ऐसी संस्थाओं को भवन (चर्च, मंदिर, उपासनागृह आदि) के विभिन्न उपयोगों के बारे में विशिष्ट प्रश्नों के उत्तर देने की आवश्यकता होगी, जिसके किराए या गिरवी का भुगतान करने के लिए अनुदान राशि का उपयोग किया जा रहा है। अनुदान राशि का उपयोग अंतर्निहित धार्मिक क्रियाओं के लिए नहीं किया जा सकता है।

12. मेरा व्यवसाय एक गैर-लाभकारी संस्था है; क्या मेरी संस्था पात्र है?
    - यदि आपकी संस्था आंतरिक राजस्व सेवा (Internal Revenue Service, IRS) के साथ 501(c) गैर-लाभकारी संस्था के रूप में पंजीकृत है तो आपकी संस्था पात्र हो सकती है, बशर्ते आपकी संस्था अन्य सभी कार्यक्रम पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करती हो।

13. मेरे व्यवसाय के अनेक स्थान हैं; क्या मैं प्रत्येक स्थान के लिए एक अलग आवेदन जमा कर सकता हूँ?
    - प्रति संघीय रोजगार पहचान संख्या (Federal Employment Identification Number, FEIN) के लिए 1 आवेदन की आवेदन सीमा है। यदि आपके व्यवसाय के 5 अलग-अलग FEIN हैं तो आप 5 बार आवेदन करने के लिए पात्र होंगे; लेकिन आपको प्रत्येक व्यवसाय के लिए (उसके अपने FEIN के साथ) अलग से आवेदन करना होगा।

- यदि आपके व्यवसाय का 1 FEIN और 5 स्थान हैं तो आपका व्यवसाय केवल 1 अनुदान के लिए पात्र है और आप एकमात्र FEIN के तहत केवल एक बार आवेदन कर सकते हैं।

- मेरे व्यवसाय के 5 स्थान हैं। सभी को 60 पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) कर्मचारियों के साथ 1 FEIN के तहत सूचित किया जाता है; क्या मैं अपने कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आवंटित कर सकता हूं?
    - कर्मचारियों का स्थान किसी आवेदन की पात्रता को प्रभावित नहीं करता है। इसलिए, कोई व्यवसाय कार्यक्रम की आकार की आवश्यकता को पूरा करने के लिए विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों को आवंटित नहीं कर सकता है।
    - जैसा कि ऊपर बताया गया है, आवेदन FEIN पर आधारित होता है। इस उदाहरण में आवेदक पात्र नहीं होगा क्योंकि यह कार्यक्रम की अधिकतम 50 FTE से अधिक है।

14. मेरे व्यवसाय में एक FEIN के तहत कई स्थान हैं। मेरे व्यवसाय का प्राथमिक स्थान क्या माना जाता है?

- इस कार्यक्रम के प्रयोजनों के लिए, आपका प्राथमिक व्यावसायिक स्थान वह पता है जहाँ आपके अधिकांश कर्मचारी काम कर रहे हैं। यदि किसी एक स्थान पर सबसे अधिक कर्मचारी नहीं हैं क्योंकि कई स्थानों पर उनकी एक ही संख्या है तो उन स्थानों में से प्राथमिक स्थान वह है जो सबसे अधिक आय उत्पन्न करता है। यदि अभी भी कई स्थान हैं जो मानदंडों को पूरा करते हैं तो प्राथमिक स्थान वह स्थान है जो पहले खोला गया था।

15. लाभ का दोहराव क्या है?

- एक लाभ का दोहराव (Duplication of Benefit, DOB) तब होता है जब एक इकाई एक ही जरूरत के लिए कई स्रोतों से सहायता प्राप्त करती है। ऐसा तब होता है जब सहायता की कुल राशि व्यवसाय की ज़रूरतों से अधिक होती है। DOB से बचने के लिए, NJEDA अनुदान की राशि को उसी ज़रूरत के लिए अन्य सहायता की राशि से कम कर देगा। हालांकि, यदि आवश्यकता सहायता से बड़ी है तो कोई DOB नहीं है।